फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

जगदीश चन्द्र पूर्बिया (एडवोकेट) 47, फतहपुरा चौराहा, उदयपुर **—अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द **— प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा— अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 26/2021**

कमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 27.07.2021 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी उपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द द्वारा जरिये क्रमांकः प.1( ) सू0अ0,05/2021/663—664 दिनांक 27.07.2021 से प्राप्त रिपोर्टानुसार अपीलार्थी का आवेदन पत्र दिनांक 25.03.2021 सूचना के अधिकार अधिनियम,05 के तहत इस अनुभाग को 25.03.2021 को प्राप्त हुआ हैं। प्रार्थी/अपीलान्ट द्वारा आरटीआई आवेदन से पत्रावली निरीक्षण करना चाहा गया जिसके संबंध में इस कार्यालय के प्रभारी अधिकारी न्याय अनुभाग. की पत्रावली होने से सूचना/निरीक्षण हेतु चाही गई। प्रार्थी को पत्रावली निरीक्षण नही हो पाने से प्रार्थी द्वारा प्रथम अपील श्रीमान को प्रस्तुत की जो इस अनुभाग को प्राप्त हुई जिसके संबंध में पुनः प्रभारी अधिकारी न्याय अनुभाग को लिखा गया जिसकी पालना में प्रभारी अधिकारी न्याय अनुभाग द्वारा जरिये पत्रांक 10105 दिनांक 16.07.2021 जवाब प्रेषित कर अवगत कराया कि वर्णित आरटीआई आवेदन से पत्रावली निरीक्षण चाहा गया जो कार्यालय समय में जिला कलक्टर महोदय के समक्ष उपस्थित होकर पत्रावली/पत्रादि का निरीक्षण करें। जिसकी सूचना प्रार्थी को जरिये रजिस्टर्ड प्रेषित की गई। दिनांक 16.07.2021 के पत्र की पालना में प्रार्थी अपीलार्थी द्वारा दिनांक 23.07.2021 को श्रीमान जिला कलक्टर महोदय के समक्ष उपस्थित हुए दौरान अवलोकन श्रीमान द्वारा आदेशित किया गया कि सूचना के अधिकार के तहत आवेदन कर सूचना प्राप्त करलें। प्रार्थी द्वारा आदेशानुसार दिनांक 23.07.2021 को आरटीआई आवेदन प्रस्तुत किया गया जो प्रभारी अधिकारी न्याय को जरिये पत्रांक 649 दिनांक 23.07.2021 से सूचना उपलब्ध कराने हेतु आवेदन प्रेषित किया जिसके संदर्भ में प्रभारी अधिकारी न्याय अनुभाग द्वारा जरिये पत्रांक 10527 दिनांक 26.07.2021 से अवगत कराया कि प्रकरण से संबंधित पत्रावली डी0एम0सा0 के यहा पर होने से पत्रावली शाखा में उपलब्ध होने पर सूचना हेतु पत्रावली उपलब्ध कराई जावेगी। अपीलार्थी के आरटीआई आवेदन दिनांक 25.03.2021 के संबंध में दिनांक 23.07.2021 को	

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)

प्राप्त आवेदन पत्र की सूचना इस अनुभाग को प्राप्त होते ही शीघ्र प्रार्थी को उपलब्ध कराई जावेगी। अपीलार्थी द्वारा अपील निरीक्षण पत्रावली के संबंध में यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है कि वांछित पत्रादि की आदेशिकाए की प्रति दिलाई जावे जिससे अपील का निस्तारण हो सकें।

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील एवं दिनांक 27.07.2021 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना संबंधी पत्रावली संबंधित अनुभाग से प्राप्त कर शीघ्र उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करें। अतः उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती हैं। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)राजसमन्द

न्यायालय जिला कलक्टर
राजसमन्द (राज.)